and Municipal Corporation of Delhi has been obtained; and

(c) whether any separate water feeder line has been provided to this school for fire-fighting and drinking purposes, if so, the details thereof and if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF URBAN DEVELOPMENT SHRI M. ARUNACHALAM): (a) to (c) The information is being collected and will be laid on the Table of the Sabha.

दिल्ली में जवाहर लाल नेहरू स्मारक कोष स्थापित किया जाना

1712. श्रीमती सरला माहेश्वरी : क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या जवाहर लाल नेहरू स्मारक कोष का कार्यालय तीन मूर्ति भवन में स्थित है ;

(ख) यदि हां, तो कब से ; और

(ग) किसने और किस आधार पर उन्हें वहां कार्यालय स्थापित करने की अनुमति दी है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० अरुणाचलम): (क) जी, हां।

(ख) और (ग) ब्यौरों का पता लगाया जा रहा है तथा सभा पटल पर रख दिये जाएगें।

तीनमूर्ति भवन, दिल्ली में नेहरू तारा-मंडल

1713. श्रीमती सरला माहेश्वरी : क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) तीन मूर्ति भवन में नेहरू तारामण्डल को किन शर्तों पर स्थान दिया गया था ;

(ख) क्या इसे बेचा गया था ; यदि हां तो कितने दाम पर ;

(ग) नेहरू तारामण्डल को वह स्थान किसने आवंटित किया और उसके क्या कारण थे ;

(घ) क्या उस प्राधिकारी को इस संबंध में कार्यवाही करने के लिए वैध अधिकार प्राप्त थे ; और

(ङ) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० अरुणाचलम) : (क) से (ङ) सूचना एकत्र की जा रही हैं तथा सभापटल पर रख दी जाएगी।

मध्य प्रदेश में बहुमूल्य रत्नों का दोहन

1714. श्री शिव प्रसाद चनपुरिया : क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि : (क) क्या सरकार को यह जानकारी है कि उड़ीसा की सीमा से लगे मध्य प्रदेश के देवभोग और गरियाबंद विकास खंड में हीरा, कोरेंडम और अलंग्जेंडर नामक मूल्यवान रत्न बहुतायत में उपलब्ध हैं तथा निजी व्यापारी बड़ी संख्या में इन मूल्यवान रत्नों का दोहन कर रहे हैं ;

(ख) यदि हां, तो इन मूल्यवान रत्नों की उपलब्धता तथा खनन संबंधी संभावनाओं के बारे में सर्वेक्षण कब तक करवाया जाएगा ; और

(ग) सरकार द्वारा इन मूल्यवान रत्नों के दोहन हेतु क्या-क्या कदम उठाए गए हैं ?

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री इत्तराम सिंह यादव) : (क) मध्य प्रदेश में जिला रायपुर के देवभोग से एलेक्जेंड्राइट, गानट, टोर्मालाइन, इमथिस्ट जैसे रत्न पत्थरों के पाय जाने की सूचना है। गरियाबंद क्षेत्र में इन खनिजों के पाये जाने कोई सूचना नहीं है। राज्य सरकार के भू-विज्ञान और खनन निदेशालय ने देवभोग क्षेत्र से अवैध खनन की सूचना दी है।